233

मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी–अप्रैल, 1996 सत्र

दैनिक कार्य सूची

गुरुवार, दिनांक 29 फरवरी, 1996 (फाल्गुन 10, 1917)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथक्तः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री नर्मदा प्रसाद प्रजापति, ऊर्जा मंत्री, कम्पनीज़ एक्ट, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड का 13 वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1994–95 पटल पर रखेंगे.

(2) श्री शिव नेताम, वन मंत्री, कम्पनीज़ एक्ट, 1956 की धारा 619–क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम लिमिटेड का 14 वां वार्षिक प्रतिवेदन तथा लेखे वर्ष 1988–89 पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानाकर्षण

(1) श्री मदन गोपाल सिंह, सदस्य, सरगुजा जिले की घुनघुट्टर सिंचाई योजना के कार्य में अनियमितता होने की ओर उप मुख्यमंत्री (जल संसाधन) का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री रमाशंकर भारद्वाज, सदस्य, मुरैना जिले के श्योपुर वन मंडल के एस.डी.ओ. द्वारा पशुपालकों के साथ अकारण मारपीट किये जाने की ओर वन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. प्रतिवेदन की प्रस्तुति एवं स्वीकृति

श्री शंकर प्रताप सिंह, सभापति, ग़ैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का उन्नीसवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे तथा प्रस्ताव करेंगे कि –

" सदन गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति के उन्नीसवें प्रतिवेदन से सहमत है".

5. गृह मंत्री का वक्तव्य

श्री चरणदास महंत, गृह मंत्री, दिनांक 7 दिसम्बर, 1995 को पूछे गये परिवर्तित अतारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्रमांक 473) के उत्तर में संशोधन करने के संबंध में वक्तव्य देंगे.

6. वर्ष 1996–97 की अनुदानों की मांगों पर मतदान

निर्धारित समय		मांग	विभाग
2 घन्टे 30 मि.	(1)	मांग संख्या 23	जल संसाधन विभाग
		मांग संख्या 45	लघु सिंचाई निर्माण कार्य
		मांग संख्या 48	नर्मदा घाटी विकास
		मांग संख्या 57	जल संसाधन विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनायें
2 घन्टे 30 मि.	(2)	मांग संख्या 08	भू–राजस्व तथा जिला प्रशासन
		मांग संख्या 09	राजस्व विभाग से संबंधित व्यय
		मांग संख्या 58	प्राकृतिक आपदाओं एवं सूखा ग्रस्त क्षेत्रों में राहत पर व्यय
2 घन्टे	(3)	मांग संख्या 01	सामान्य प्रशासन
		मांग संख्या 02	सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित अन्य व्यय
		मांग संख्या 28	राज्य विधान मंडल
		मांग संख्या 29	न्याय प्रशासन एवं निर्वाचन
		मांग संख्या 56	ग्रामोद्योग
		मांग संख्या 78	ग्रामोद्योग विभाग से संबंधित विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाएं.

भोपाल :
दिनांक : 28 फरवरी, 1996

अशोक चतुर्वेदी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा